समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# एक लाख से नीचे आया सोना, चांदी भी हुई सस्ती – जाने 25 जून 2025 को आपके शहर मे क्या है ताजा रेट।

Publisher
Published on 25 Jun 2025



## वैश्विक तनाव में नरमी से बाजार में राहत, सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट।

**Gold Price:ईरान और इजरायल** के बीच संघर्ष विराम के संकेतों से वैश्विक बाजारों में स्थिरता लौटती दिख रही है। इसका असर सीधे तौर पर सोने-चांदी की कीमतों पर पड़ा है। **25 जून 2025** को देशभर में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है।

जहां बीते दिन यानी **24 जून को 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम** पर था, वहीं आज यह गिरकर **99,210 रुपये प्रति 10 ग्राम** पर आ गया है। इसी प्रकार चांदी का भाव भी गिरकर **1,08,900 रुपये प्रति किलो** हो गया है।

आपके शहर में **25 जून 2025 के ताजा सोने और चांदी के रेट :**

| **शहर** | **24 कैरेट (₹/10 ग्राम)** | **22 कैरेट (₹/10 ग्राम)** | **18 कैरेट (₹/10 ग्राम)** | **चांदी (₹/किलो)** |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | ₹99,360 | ₹91,090 | ₹74,530 | ₹1,08,900 |
| मुंबई | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| कोलकाता | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| बेंगलुरु | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| हैदराबाद | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| औरंगाबाद | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| गाजियाबाद | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| अमरावती | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |
| मैसूर | ₹99,210 | ₹90,940 | ₹74,410 | ₹1,08,900 |

**कैसे तय होती है सोने और चांदी की कीमत ?**

सोने और चांदी के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत, इंपोर्ट ड्यूटी, मांग और आपूर्ति जैसे कारकों पर निर्भर करते हैं। वैश्विक संकट या स्थिरता का सीधा असर कीमती धातुओं की कीमतों पर पड़ता है।

भारतीय संस्कृति में भी सोना एक विशेष स्थान रखता है। विवाह, त्योहारों और निवेश में यह प्रमुख भूमिका निभाता है। यही वजह है कि इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट भी लोगों को आकर्षित करती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.